खास-खबरें

नल-जल योजना की खुदाई के बाद नहीं हुआ रेस्टोरेशन, बाइक फिसलने से युवक घायल

मालथौन : नगर में नल-जल योजना के तहत पाइपलाइन डालने के लिए खोदी गई सड़कों की समय पर मरम्मत न होने से आम जनता की जान जोखिम में आ गई है। कार्य एजेंसी की बड़ी लापरवाही के कारण आए दिन लोग सड़कों पर गिरकर चोटिल हो रहे हैं। सोमवार को ऐसा ही एक ताजा मामला मिश्र के कुआं% के पास सामने आया, जहां एक खुदी हुई सड़क के कारण बाइक फिसलने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

पीड़ित युवक अर्पित कुमार ने घटना को लेकर गहरा आक्रोश जताया है। अर्पित ने बताया कि नल-जल योजना के तहत सड़क को खोदकर बिना सुधारे ही छोड़ दिया गया है। वर्तमान में बारिश का पानी इन गड्ढों में भर जाने के कारण सड़क का अंदाजा नहीं लग पाता। सोमवार को जैसे ही वह वहां से गुजरे, उनकी बाइक अचानक फिसल गई। संतुलन बिगड़ने से वह सड़क के किनारे बनी करीब दो फीट गहरी खुली नाली में जा गिरे, जिससे उनके हाथ और पैर में गंभीर चोटें आई हैं।

रेस्टरोशन में मानमनी: नगर की अधिकांश वार्डो गलियों की सड़कों नलजल योजना की खुदाई के कारण खराब हो गई। जहां जिन सड़को की मरम्पत की गई ,मरम्पत के नाम पर एजेषी द्वारा फॉर्मैल्ट्री कर दी गई जिसके बाद वह सडक उखड़ने लगी हैं रेस्टरोशन में रेत की डस्ट लगाई गई जिसमें घटिया क्वालिटी का सीमेंट लगाया गया। इसका उदाहरण मालथौन खिमलासा रोड का चैराहा पर दिखाई दे रहा है कुछ ही दिनों उखड़कर नाली का रूप ले लिया ,वही वार्ड की पठला मुहल्ला की सड़को सबसे ज्यादा हालत खराब है जहां दो पहिया निकालना मुश्किल दिखाई दे रहा जरा से चूक नुकसान पहुचा सकती हैं।इस और चल रही मानमनी पर कोई स्थानीय जिम्मेदार अधिकारी इस और ध्यान नहीं दे रहे हैं।

शासकीय आयुष औषधालय रजवास द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

सागर : आयुक्त, संचनालय आयुष, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. जोगेंद्र सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में आज दिनांक 15/06/2026 को शासकीय आयुष औषधालय रजवास द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित नागरिकों की स्वास्थ्य जांच कर निशुल्क परामर्श एवं औषधियां वितरित की गईं। साथ ही आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एवं निक्षय अभियान के अंतर्गत टीबी रोग के लक्षण, बचाव एवं उपचार की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में कुल 87 लाभार्थियों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया।

किसान की बेटी ने सीमित संसाधनों में भी नहीं थमने दी अपनी रफ्तार, कलेक्टर ने भेंट की खेल किट

सागर : यदि दिल में कुछ कर गुजरने का जज्बा हो और इरादे फौलादी हों, तो सीमित संसाधन भी आपकी राह नहीं रोक सकते। इस बात को सच कर दिखाया है सागर जिले के गौरझामर की रहने वाली 22 वर्षीय कु. भूरी पटेल ने। अपनी लगन, कड़ी मेहनत और खेल के प्रति बेपनाह समर्पण से भूरी आज जिले की एक उभरती हुई खेल प्रतिभा के रूप में अपनी पहचान बना रही हैं। अब उनके इसी खेल कौशल को और निखारने के लिए जिला प्रशासन भी आगे आया है। भूरी पटेल एक बेहद साधारण ग्रामीण पृष्ठभूमि से आती हैं। उनके पिता राज सिंह पटेल पेशे से किसान हैं और माता सीता रानी पटेल गृहिणी हैं। एक कृषक परिवार में जन्मी भूरी ने जब खेल के मैदान को अपनी तकदीर बनाने का संकल्प लिया, तो माता-पिता ने भी अपनी सामर्थ्य के अनुसार बेटी के हौसलों को पूरा सहयोग दिया। खेल की दुनिया में आगे बढ़ने के लिए जरूरी साजो-सामान की कमी आड़े आ रही थी, लेकिन भूरी ने कभी अपनी खेल भावना और अभ्यास को कमजोर नहीं पड़ने दिया।

मैदान पर बेहतर प्रदर्शन करने और अपने खेल कौशल को तराशने के लिए भूरी को एक प्रोफेशनल खेल किट की सख्त आवश्यकता थी। अपनी इस जरूरत को लेकर भूरी ने कलेक्टर प्रतिभा पाल को एक पत्र लिखकर खेल सामग्री उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। खिलाड़ी की प्रतिभा, खेल के प्रति उसकी अटूट निष्ठा और आगे बढ़ने की दृढ़ इच्छाशक्ति को भांपते हुए कलेक्टर प्रतिभा पाल ने संवेदनशीलता दिखाई। उन्होंने तत्काल भूरी पटेल के लिए एक अच्छी खेल किट मंजूर की और उसे भेंट कर भूरी को प्रोत्साहित किया।

कलेक्टर के हाथों खेल किट पाकर भूरी पटेल के चेहरे पर एक अनोखी मुस्कान और आंखों में सुनहरे भविष्य के सपने साफ तैर रहे थे। प्रसन्नता व्यक्त करते हुए भूरी ने कलेक्टर प्रतिभा पाल के प्रति सहृदय आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह सहयोग मेरे लिए सिर्फ खेल सामग्री नहीं, बल्कि एक नई प्रेरणा है। कई बार संसाधनों की कमी से मन उदास हो जाता था, लेकिन आज जिला प्रशासन से मिले इस प्रोत्साहन ने मेरे भीतर एक नया जोश भर दिया है। अब मैं दोगुनी मेहनत करूंगी और अपने खेल कौशल को और बेहतर बनाकर न केवल सागर जिले का, बल्कि पूरे प्रदेश का नाम रोशन करने का प्रयास करूंगी। कलेक्टर प्रतिभा पाल द्वारा खेल किट मिलने के बाद अब गौरझामर की इस लाड़ली के सपनों को एक नई उड़ान मिल गई है, जो खेल जगत में सफलता की एक नई इबारत लिखने को तैयार है।

शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में प्रवेश के लिए दूसरा चरण, 18 तक पंजीयन

सागर : स.रा. शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज सागर में डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश की ऑनलाइन काउंसलिंग का दूसरा चरण शुरू हो गया है। संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश की समय-सारणी के मुताबिक अभ्यर्थी 18 जून तक ऑनलाइन पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन निरस्तीकरण भी इसी तारीख तक होगा।

दूसरे चरण में पंजीकृत अभ्यर्थियों को 19 से 20 जून तक पंजीयन में संशोधन की सुविधा मिलेगी। संस्थाओं का प्राथमिकता क्रम चुनने की प्रक्रिया 10 से 22 जून तक चलेगी। प्राथमिकता क्रम लॉक भी इसी दौरान होगा। सामान्य मेरिट सूची 23 जून को जारी होगी। आवंटित अभ्यर्थी 27 जून से 03 जुलाई तक आवंटन पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। इसी दौरान संबंधित संस्था में जाकर मूल दस्तावेजों का सत्यापन कराना होगा।प्रवेश की प्रक्रिया भी इसी दौरान होगी।

महाविद्यालय में मार्डन आफिस मैनेजमेंट, आर्किटेक्कर एण्डय इंटी, इलेक्ट्रा निक्सी एण्डव टेली0, फैशन टेक्नो लोजी एवं कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के रोजगारोन्मुखी डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित हैं। इन पाठ्यक्रमों में आधुनिक तकनीकी ज्ञान दिया जाता है एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण कराया जाता है।

पुरुषोत्तम माह की सोमवतीअमावस्या पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दीप दान कर गंगा आरती में धर्मलाभ लिया

गंगा आरती में मुख्य यजमान के रूप में पूजन किया

नईदुनिया प्रतिनिधि, सागरः गंगा आरती के आध्यात्मिक सांस्कृतिक आयोजन में सोमवार को जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी ने निगमायुक्त राजकुमार खत्री के साथ मुख्य यजमान बनकर पूजन किया व गंगा आरती कर धर्मलाभ लिया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, सोमवार के दिन पड़ने वाली अमावस्या को अत्यंत शुभ माना जाता है, और यह सोमवती अमाव्यस्या पुरुषोत्तम माह की होने के कारण और भी पुण्यदायी मानी जाती है।

पुरुषोत्तम माह की सोमवतीअमावस्या पर लाखा बंजारा झील पहुंचकर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दीप दान किया और गंगा आरती में शामिल होकर धर्मलाभ लिया।गंगा आरती सागर के नागरिकों और सागर में दूर-दराज से आने वाले आगनतुकों के लिए श्रद्धा भक्ति और उमंग के साथ ही मुख्य आकर्षण का केंद्र बना है। लाखा बंजारा झील किनारे प्रति सोमवार आयोजित होने वाले आध्यात्मिक सांस्कृतिक गंगा आरती आयोजन में श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। गंगा आरती नागरिकों में धार्मिक आध्यात्मिक चेतना के साथ ही शहर की स्वच्छता सुंदरता के प्रति जागृति भी बढ़ रही है, लोग झील और जल स्रोतों को स्वच्छ व सुरक्षित बनाने में सहयोगी बन रहे हैं।

हमारा शहर आज साफ-स्वच्छ हो चुका है। यह लाखा बंजारा झील एक दम साफ दिखाई देती है सफाईमित्रों के ये सभी प्रयास निरंतर जारी हैं। जागरूक नागरिक भी अपने शहर को सुंदर व स्वच्छ बनाने के लिए आगे बढ़कर सहयोग कर रहे हैं। वे अपने घर से निकलने वाला कचरा कूड़ा, कचरा गाड़ी में ही दे रहे हैं। सभी गीला और सूखा कचरा अलग-अलग डस्टबिन में कचरा गाड़ी को दें। कूड़ा खुले में फेकने वालों पर कार्यवाही की जा रही है आप जागरूक नागरिक बने कूड़े के सही निपटान में सहयोगी बने। अपने शहर के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझ कर स्वच्छता बनाये रखने में आगे आऐं। इस आध्यात्मिक सांस्कृतिक आयोजन की सराहना व प्रशंसा सभी जगह की जा रही है। इतनी सुंदर झील के किनारे यह दिव्य गंगा आरती सच में बनारस हरिद्वार गंगा घाट की याद दिलाती है। गंगा आरती के माध्यम से प्रति सोमवार सागर में जल गंगा संवर्धन अभियान, अमृत हरित महाअभियान, स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 एवं राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रमों आदि के उद्देश्य और महत्व की जानकारी देते हुए जनसमूह को जागरूक किया जा रहा है। बड़ी संख्या में नागरिकों को झील के जल को स्वच्छ रखने में सहयोग करने, अपने आसपास उपलब्ध उचित स्थलों पर पौधरोपण करने और प्रकृति से जोड़कर पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूक किया जा रहा है। शहर को स्वच्छता बनाये रखने में नागरिकों के सहयोग हेतु झील किनारे गंगा आरती का आध्यात्मिक सांस्कृतिक आयोजन निगमायुक्त सह कार्यकारी निदेशक सागर स्मार्ट सिटी राजकुमार खत्री के मार्गदर्शन में प्रारम्भ किया गया और निरंतर किया जा रहा है। आज नागरिकों द्वारा विसर्जन सामग्री को विसर्जित करने के लिए घाट पर निर्मित निर्मल कुंड का उपयोग किया जा रहा है। झील किनारे चकराघाट आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र बन चुका है।

लाखा बंजारा झील पर आयोजित गंगा आरती में समय-समय पर शहर के नागरिक मुख्य यजमान बनकर सहभागिता कर रहे हैं। प्रत्येक सोमवार जो भी श्रद्धालु यजमान बनना चाहते हैं, वे आरती से 30 मिनट पूर्व संपर्क कर सकते हैं।

सीएम से मिले विधायक जैन, सागर आगमन का न्यौता

नईदुनिया प्रतिनिधि, सागर। मध्य प्रदेश शासन के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय डॉ. मोहन यादव जी के सागर जिले के केसली ब्लॉक आगमन पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में सागर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक जैन ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव से आत्मीय भेंट कर उन्हें सागर आगमन का आमंत्रण दिया तथा क्षेत्र के विकास एवं जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लाड़ली बहना योजना की हितग्राही महिलाओं के खातों में राशि का अंतरण कर प्रदेश की मातृशक्ति के सशक्तिकरण के प्रति अपनी सरकार की प्रतिबद्धता को पुनः रेखांकित किया। साथ ही उन्होंने क्षेत्र के विकास को गति देने वाले विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण कर क्षेत्रवासियों को अनेक महत्वपूर्ण सौगातें प्रदान कीं।

विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में मध्य प्रदेश निरंतर विकास, सुशासन और जनहित के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री को सागर विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न विकासात्मक आवश्यकताओं से भी अवगत कराया। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत, सागर सांसद डॉ. लता वानखेड़े जी, दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी, वरिष्ठ विधायक गोपाल भार्गव, भूपेंद्र सिंह, प्रदीप लारिया, बृज बिहारी पटेरिया, वीरेंद्र सिंह, निर्मला सप्रे, नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह ठाकुर सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे।

नीट पुनर्परीक्षा की तैयारियाँ पूरी, कलेक्टर ने दिए कड़ी सुरक्षा और सुगमता के निर्देश

नईदुनिया प्रतिनिधि, सागर। आगामी 21 जून को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा के सुचारू और शांतिपूर्ण संचालन को लेकर कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने समीक्षा बैठक की। कलेक्टर ने परीक्षा के सफल आयोजन के लिए कड़े सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू करने और परीक्षार्थियों व उनके अभिभावकों के लिए पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। यह परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5ः15 बजे तक आयोजित की जाएगी। नीट परीक्षा के सिटी कोऑर्डिनेटर श्री मनीष गुप्ता ने बताया कि सागर शहर में कुल 5 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिसमें आर्मी पब्लिक स्कूल,शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सागर , पीएम केंद्रीय विद्यालय नंबर-1, सागर (केंट), शासकीय कन्या स्वशासी पीजी कॉलेज, सागर (बस स्टैंड के पास) और पीएम केंद्रीय विद्यालय नंबर-3, सागर (राजघाट रोड) शामिल हैं। सभी केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े नियम लागू रहेंगे और पूरी परीक्षा सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में होगी। प्रत्येक केंद्र पर महिला पुलिसकर्मी या होमगार्ड तैनात रहेंगी और एएसआई या हेड कांस्टेबल स्तर के जिम्मेदार पुलिस अधिकारी सुरक्षा कमान संभालेंगे। परीक्षा के दौरान बिजली कटौती से निपटने के लिए प्रत्येक केंद्र पर जनरेटर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। मौसम को देखते हुए परीक्षा केंद्रों के बाहर अभिभावकों/ संरक्षकों के बैठने के लिए वॉटरप्रूफ टेंट और छाया की व्यवस्था की जाएगी। सभी केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में शुद्ध पेयजल के साथ-साथ परीक्षार्थियों के लिए ग्लूकोज और ओआरएस की उपलब्धता अनिवार्य रहेगी। आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए नियंत्रण कक्ष में एक एम्बुलेंस, डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ की ड्यूटी रहेगी। साथ ही हर केंद्र पर मेडिकल किट के साथ पैरामेडिकल स्टाफ, स्टाफ नर्स या एएनएम तैनात रहेंगी।

माँ तुझे प्रणाम योजना के तहत 50 बालिकाओं का दल भेड़ाघाट और पेंच नेशनल पार्क रवाना

नईदुनिया प्रतिनिधि, सागर। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित मां तुझे प्रणाम योजना के अंतर्गत सागर संभाग की 50 बालिकाओं और अधिकारियों का दल सोमवार को शैक्षणिक व प्रेरणादायी भ्रमण के लिए रवाना हुआ। स्थानीय खेल परिसर से नरयावली विधायक प्रदीप लारिया ने इस दल को जबलपुर के भेड़ाघाट और पेंच नेशनल पार्क के लिए हरी झंडी दिखाकर विदा किया।

इस अवसर पर विधायक लारिया ने बालिकाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह योजना केवल एक भ्रमण कार्यक्रम नहीं है, बल्कि युवा पीढ़ी में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन, साहस, नेतृत्व क्षमता और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। विधायक ने बालिकाओं से आह्वान किया कि वे भ्रमण के दौरान मिलने वाले अनुभवों को अपने जीवन में आत्मसात करें, क्योंकि यात्राएं सिर्फ स्थान देखने का नहीं, बल्कि सीखने और स्वयं को बेहतर बनाने का अवसर होती हैं।

इस कार्यक्रम में जिला खेल अधिकारी प्रदीप अभिद्रा, वीनू राणा, मंगल यादव, प्रेम नीति सहित अन्य विभागीय अधिकारी, खेल प्रशिक्षक व खिलाड़ी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

जनकल्याण मेले में सुनीं समस्याएँ, पात्र हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के आवेदन स्वीकृत किए

नईदुनिया प्रतिनिधि, सागर। शासन के निर्देशानुसार एवं नगर निगम आयुक्त श्री राजकुमार खत्री के मार्गदर्शन में कटरा बाजार स्थित पं. मोतीलाल नेहरू स्कूल परिसर में जनकल्याण मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्देश्य शासन की जनहितैषी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना तथा पात्र हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से जोड़ना था। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नागरिकों, पथ विक्रेताओं एवं हितग्राहियों ने सहभागिता कर योजनाओं की जानकारी प्राप्त की तथा आवेदन प्रस्तुत किए।

जनकल्याण मेले में नगर निगम के राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एनयूएलएम), प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, सामाजिक न्याय विभाग, जलप्रदाय, सीवर, नशा मुक्ति अभियान सहित विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नागरिकों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की तथा उनकी समस्याओं का निराकरण करते हुए पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित कराने केलिए आवेदन प्राप्त किए।

मेले में विशेष रूप से प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के अंतर्गत पथ विक्रेताओं को उनके व्यवसाय के विस्तार एवं आर्थिक सशक्तिकरण के लिए बैंकों के माध्यम से 10 हजार, 20 हजार एवं 50 हजार रुपये तक के ऋण हेतु आवेदन जमा कराए गए। साथ ही डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हितग्राहियों को ऑनलाइन भुगतान एवं डिजिटल ट्रांजेक्शन से मिलने वाले लाभों की जानकारी भी दी गई।

जनकल्याण मेले में ऐसे पात्र नागरिकों को भी विभिन्न योजनाओं से जोड़ा गया, जो अब तक शासन की सुविधाओं का लाभ प्राप्त करने से वंचित थे। इस दौरान नगर निगम आयुक्त श्री राजकुमार खत्री ने मेला स्थल का निरीक्षण कर विभिन्न विभागों के स्टॉलों का अवलोकन किया तथा उपस्थित हितग्राहियों से संवाद कर योजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंनेअधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र हितग्राहियों को समयबद्ध रूप से योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराया जाए।

कार्यक्रम में उपायुक्त एसएस बघेल, प्रभारी कार्यपालन यंत्री संजय तिवारी, राजस्व अधिकारी बृजेश तिवारी, एनयूएलएम के सिटी मैनेजर विक्रम जैन, योजना प्रभारी जया श्रीवास्तव, कौतुकेय सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

राजनीति नामांकन रद्द करना लोकतांत्रिक परंपराओं, संवैधानिक मूल्यों पर प्रहारः सुरेन्द्र चौधरी

संवैधानिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप लोकतंत्र की भावना के विपरीतः मोहासा

नईदुनिया प्रतिनिधि, सागर। मध्यप्रदेश राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की अधिकृत प्रत्याशी सुश्री मीनाक्षी नटराजन का नामांकन दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से रद्द किए जानें तथा दिल्ली में कांग्रेसजनों की बलपूर्वक गिरफ्तारी के विरोध में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेशव्यापी आह्वान पर युवा कांग्रेस नरयावली विधान सभा के तत्वाधान में स्थानीय मकरोनिया चौराहें पर बरसते पानी मे भारी पुलिस बल और वाटर कैनन के बीच प्रभावी विरोध प्रदर्शन एवं पुतला दहन किया गया। वरिष्ठ कांग्रेस व मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी,जिला ग्रामीण कांग्रेस के प्रभारी राहुल शर्मा,जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मोहासा,युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष संदीप चौधरी,युवा कांग्रेस नरयावली विधानसभा अध्यक्ष रोहित वर्मा की मुख्य उपस्थिति में आयोजित प्रदर्शन व पुतला दहन में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार और चुनाव आयोग के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए अपना आक्रोश व्यक्त करतें हुए भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूँका।प्रदर्शन को संबोधित करते हुए मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की अधिकृत राज्यसभा प्रत्याशी का नामांकन रद्द किया जाना लोकतांत्रिक परंपराओं और संवैधानिक मूल्यों पर सीधा प्रहार है।चुनाव आयोग को निष्पक्षता के साथ कार्य करना चाहिए।लोकतंत्र को कमजोर करने वाले ऐसे निर्णयों का कांग्रेस पार्टी हर स्तर पर विरोध करेगी।जिला कांग्रेस के प्रभारी राहुल शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार के इशारे पर चुनाव आयोग काम कर रहा है और विपक्ष की आवाज को दबाने और लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन करने का प्रयास किया जा रहा है,जिसे कांग्रेस पार्टी कभी स्वीकार नहीं करेगी।जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह मोहासा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की अधिकृत प्रत्याशी का नामांकन रद्द करनें का निर्णय पूरी तरह पक्षपातपूर्ण एवं अलोकतांत्रिक है। राज्यसभा चुनाव जैसी संवैधानिक प्रक्रिया में इस प्रकार का हस्तक्षेप लोकतंत्र की भावना के विपरीत हैं।कांग्रेस पार्टी इस अन्याय के खिलाफ चुप बैठनें वाली नही हैं हम लगातार संघर्ष करतें रहेंगे।युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष सन्दीप चौधरी ने कहा कि लोकतंत्र में निष्पक्ष चुनाव सबसे महत्वपूर्ण आधार है।यदि चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता पर ही सवाल उठने लगें तो यह लोकतंत्र के लिए गंभीर चिंता का विषय है।युवा कांग्रेस नरयावली विधान सभा अध्यक्ष रोहित वर्मा ने कहा कि मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश व्यापी आव्हान पर युवा कांग्रेस पूरे प्रदेश में लोकतंत्र बचाने की लड़ाई लड़ रही है।प्रदर्शन व पुतला दहन में प्रदेश कांग्रेस महासचिव रेखा चौधरी, जिला कांग्रेस के संगठन महामंत्री आशीष ज्योतिषी,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गण पुष्पेन्द्र सिंह, देवेन्द्र कुर्मी, पं.रवि उमाहिया, युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव द्वय एड. निखिल चौकसें,अक्षय दुबे,ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष साहित्य पाण्डेय, राहुल कुशवाहा, समीर मकरानी, कांग्रेस अजा.विभाग अध्यक्ष अरविंद बंटी पंथी आदि ने भाजपा सरकार व चुनाव आयोग के खिलाफ जमकर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा और जनता के विश्वास की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करती रहेगी।